65. 'अच्छी विज्ञान शिक्षा' को कुछ आधारभूत वैधता को पूरा करना चाहिए । उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षा VI के पाठ्यक्रम में 'छाया बनने' के सम्प्रत्यय द्वारा निम्नलिखि में से कौन-सी वैधता का सर्वाधिक औचित्य से पाल होता है ?

(1) प्रक्रिया

(2) परिवेशीय

(3) विषय-वस्तु

(4) संज्ञानात्मक

66. A teacher frames a learning objective as – "Making a device using simple electric circuit." This learning objective is matching with which cognitive process ?

(1) Understanding

(2) Analysing

(3) Remembering

(4) Creating

66. एक शिक्षक किसी अधिगम उद्देश्य को इस प्रकार बना है – "सरल विद्युत् परिपथ का उपयोग करके किसी यु का निर्माण करना ।" यह अधिगम उद्देश्य नीचे दिए किस संज्ञानात्मक प्रक्रमण से सुमेलन करता है ?

(1) समझ

(2) विश्लेषण

(3) स्मरण

(4) सर्जना

67. Which one of the following statements about scientific knowledge would you ***not*** agree with ?

(1) Scientific knowledge is absolute, certain and eternal.

(2) Scientific knowledge is socially and culturally embedded.

(3) Scientific knowledge is theory laden.

(4) Development of scientific knowledge involves imagination and creativity.

67. वैज्ञानिक ज्ञान के बारे में निम्नलिखित में से किस से आप सहमत ***नहीं*** होंगे ?

(1) वैज्ञानिक ज्ञान निरपेक्ष, निश्चित और शाश्वत है ।

(2) वैज्ञानिक ज्ञान सामाजिक एवं सांस्कृतिक रू अंत:स्थापित है ।

(3) वैज्ञानिक ज्ञान सिद्धान्तों से निकलता है ।

(4) वैज्ञानिक ज्ञान के विकास में कल्पना शक्ति सृजनात्मकता सम्मिलित होती है ।

68. Which one of the following is the most appropriate technique of assessment of attitude and values development among students by science education ?

(1) Paper-pencil test

(2) Check-list

(3) Rating scale

(4) Observation

68. विज्ञान शिक्षा द्वारा छात्रों में अभिव्यक्तियों एवं मू विकास के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित में से तकनीक सबसे अधिक उपयुक्त होगी ?

(1) कागज़-पेन्सिल परीक्षण

(2) जाँच-सूची (चैक-लिस्ट)

(3) रेटिंग स्केल

(4) अवलोकन

69. Consider the following edible plants :
A. Banana
B. Brinjal
C. Lady's finger
D. Pumpkin

Select from these a pair of plants which has two or more than two edible parts :
(1) C and D
(2) A and D
(3) A and B
(4) B and C

70. Which one of the following sets is the combination of organs of human digestive system that do ***not*** carry out any digestive function ?
(1) Oesophagus, large intestine, rectum
(2) Buccal cavity, large intestine, rectum
(3) Buccal cavity, oesophagus, rectum
(4) Buccal cavity, oesophagus, large intestine

71. Study the following statements about villi (singular villus) :
A. They have very thin walls.
B. They are finger-like projections.
C. They have a network of thin and small blood vessels close to the surface.
D. They have small pores through which food can easily pass.

Identify the statements which give the characteristics that enable the villi to absorb the digested food.
(1) C and D only
(2) A, B and C
(3) A and B only
(4) B and D only

72. Select from the following a set of ruminants :
(1) Buffalo, cow, deer
(2) Buffalo, cow, dog
(3) Cow, deer, dog
(4) Cat, buffalo, deer

69. निम्नलिखित खाने-योग्य पौधों पर विचार कीजिए :
A. केला
B. बैंगन
C. भिण्डी
D. कद्दू (काशीफल)

इनमें से पौधों का ऐसा युगल चुनिए जिनमें दो या दो से अधिक खाने-योग्य भाग होते हैं :
(1) C और D
(2) A और D
(3) A और B
(4) B और C

70. निम्नलिखित में से मानव पाचन तंत्र के भागों के संयोजन का वह कौन-सा समुच्चय है जो कोई पाचन कार्य *नहीं* करता ?
(1) ग्रसिका, बृहदांत्र, मलाशय
(2) मुख गुहिका, बृहदांत्र, मलाशय
(3) मुख गुहिका, ग्रसिका, मलाशय
(4) मुख गुहिका, ग्रसिका, बृहदांत्र

71. दीर्घरोम के बारे में निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए :
A. इनकी अत्यधिक पतली भित्तियाँ होती हैं ।
B. ये अंगुली के समान उभरी हुई संरचनाएँ होती हैं ।
C. इनमें सूक्ष्म रुधिर वाहिकाओं का जाल फैला रहता है जो सतह के निकट होता है ।
D. इनमें महीन छिद्र होते हैं जिनसे भोजन सरलता से गुज़र सकता है ।

उन कथनों को पहचानिए जो दीर्घरोम को पाचित भोजन को अवशोषित करने योग्य बनाने वाले लक्षण प्रदान करते हैं ।
(1) केवल C और D
(2) A, B और C
(3) केवल A और B
(4) केवल B और D

72. निम्नलिखित जन्तुओं में से रोमन्थी (रूमिनैन्ट) जन्तुओं का समुच्चय चुनिए :
(1) भैंस, गाय, हिरन
(2) भैंस, गाय, कुत्ता
(3) गाय, हिरन, कुत्ता
(4) बिल्ली, भैंस, हिरन

**73.** Sometimes after doing physical work we get muscle cramps. This results due to

(1) non-conversion of glucose to pyruvate.

(2) non-conversion of glucose to lactic acid.

(3) conversion of pyruvate to lactic acid.

(4) conversion of pyruvate to alcohol.

**74.** Which one of the following shows the correct sequence of the path of urine in the human excretory system ?

(1) Kidney → Urinary bladder → Ureter → Urethra

(2) Kidney → Urinary bladder → Urethra → Ureter

(3) Kidney → Urethra → Urinary bladder → Ureter

(4) Kidney → Ureter → Urinary bladder → Urethra

**75.** A bus covers the first 10 km of its journey at an average speed of 40 km/h and the remaining 45 km at an average speed of 60 km/h. The average speed of the bus for its total journey is

(1) 52·5 km/h

(2) 50 km/h

(3) 57·5 km/h

(4) 55 km/h

**76.** Which one of the following can be used to form a virtual and magnified image of an object ?

(1) Both convex mirror and convex lens

(2) Both concave mirror and convex lens

(3) Concave lens only

(4) Convex lens only

**77.** Polio is caused by a

(1) Protozoa

(2) Virus

(3) Bacteria

(4) Fungi

**73.** कभी-कभी शारीरिक कार्य करने के पश्चात् हमारी पेशि में क्रैम्प आते (मरोड़/खिंचाव उत्पन्न हो जाते) हैं । होने का कारण है

(1) ग्लूकोस का पाइरुवेट में परिवर्तित न होना ।

(2) ग्लूकोस का लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित न होन

(3) पाइरुवेट का लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित होना

(4) पाइरुवेट का ऐल्कोहॉल में परिवर्तित होना ।

**74.** निम्नलिखित में से किसमें मानव उत्सर्जन तंत्र में मू मार्ग को सही क्रम में दर्शाया गया है ?

(1) वृक्क → मूत्राशय → मूत्रवाहिनी → मूत्रमार्ग

(2) वृक्क → मूत्राशय → मूत्रमार्ग → मूत्रवाहिनी

(3) वृक्क → मूत्रमार्ग → मूत्राशय → मूत्रवाहिनी

(4) वृक्क → मूत्रवाहिनी → मूत्राशय → मूत्रमार्ग

**75.** कोई बस अपनी यात्रा की पहली 10 km दूरी 40 k की औसत चाल से तथा शेष 45 km दूरी 60 k की औसत चाल से तय करती है । बस की संपूर्ण की औसत चाल है

(1) 52·5 km/h

(2) 50 km/h

(3) 57·5 km/h

(4) 55 km/h

**76.** किसी वस्तु का आभासी और विवर्धित छवि बन लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किय सकता है ?

(1) उत्तल दर्पण और उत्तल लेंस दोनों

(2) अवतल दर्पण और उत्तल लेंस दोनों

(3) केवल अवतल लेंस

(4) केवल उत्तल लेंस

**77.** पोलियो का कारण है

(1) प्रोटोज़ोआ

(2) विषाणु (वायरस)

(3) बैक्टीरिया

(4) फफूंद

**78.** A class VIII student makes the statement : "We live inside the Earth and it is round. That's why Columbus's ship returned to the starting point." How is the science teacher of class VIII best advised to react ?

(1) Challenge the child's idea by presenting pictures taken from the space and helping her in understanding how large the radius of the Earth is.

(2) Explain that although the Earth is round like a ball yet it appears circular like a plate.

(3) Accept the statement as it indicates the child's idea and needs to be respected.

(4) Reject the statement and tell the child that it is like a globe and we live on the surface of the round Earth.

**79.** Which one among the following is ***not*** a desirable aim of science education at upper primary level ?

(1) To know the facts and principles of science and its applications

(2) To gain the knowledge available through memorising the content and process of science

(3) To imbibe the values of honesty, integrity and cooperation

(4) To nurture the natural curiosity, aesthetic sense and creativity in science and technology

**80.** Which one among the following questions would be an 'open-ended question' ?

(1) Explain why we always see the same side of the moon.

(2) Suppose the moon emits light of its own, would it still have phases ?

(3) Meteors are not visible during the daytime. Explain the reason.

(4) Why does the moon change its shape daily ?

**78.** कक्षा VIII के किसी विद्यार्थी का यह कथन है, "हम पृथ्वी में रहते हैं और यह गोल है और यही कारण है कि कोलम्बस का जहाज़ अपने आरम्भिक बिन्दु पर लौट आया ।" कक्षा VIII के विज्ञान शिक्षक के लिए इस पर प्रतिक्रिया के लिए सर्वोत्तम सलाह क्या होगी ?

(1) अन्तरिक्ष से लिए गए चित्रों को प्रस्तुत करके बच्चे की संकल्पना को चुनौती दीजिए और उसे यह समझने में सहायता कीजिए कि पृथ्वी की त्रिज्या कितनी अधिक बड़ी है ।

(2) उसे यह स्पष्ट कीजिए कि यद्यपि पृथ्वी गेंद की भाँति गोल है परन्तु यह तश्तरी (प्लेट) की भाँति वृत्ताकार प्रतीत होती है ।

(3) इस कथन को स्वीकार कर लिया जाए, क्योंकि यह बच्चे की संकल्पना को इंगित करता है, जिसे आदर दिया जाना चाहिए ।

(4) इस कथन का निराकरण करिए और बच्चे से कहिए कि पृथ्वी ग्लोब की भाँति है और हम गोल पृथ्वी की सतह पर रहते हैं ।

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षण का वांछित उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) विज्ञान के तथ्यों और सिद्धान्तों एवं इसके अनुप्रयोगों को जानना

(2) विज्ञान की प्रक्रियाओं और विषय-वस्तुओं को याद करके उपलब्ध ज्ञान प्राप्त करना

(3) ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और सहयोग के मूल्यों को आत्मसात् करना

(4) प्राकृतिक जिज्ञासा, सौन्दर्यपरकता की अनुभूति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में सृजनात्मकता का पोषण

**80.** निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन-सा 'मुक्त-अन्त वाला प्रश्न' है ?

(1) व्याख्या कीजिए कि हम सदैव चन्द्रमा का एक ही पक्ष (पार्श्व) क्यों देखते हैं ।

(2) मान लीजिए, यदि चन्द्रमा अपना स्वयं का प्रकाश उत्सर्जित करता, तो क्या तब भी इसकी कलाएँ होतीं ?

(3) दिन के समय उल्काएँ दिखाई नहीं देतीं । कारण सहित व्याख्या कीजिए ।

(4) चन्द्रमा अपनी आकृति प्रतिदिन क्यों बदलता है ?

**81.** Which one among the following situations gives the learners the best opportunity to 'discover knowledge'?

(1) Students being instructed through 'team teaching' on 'materials of daily use'

(2) Students being first shown the demonstration of 'Archimedes Principle' followed by a detailed explanation

(3) Students labelling the given materials as 'conductors' and 'non-conductors' by placing them in a self-assembled closed electric circuit

(4) Students undergoing an elaborate and detailed session of 'programmed instruction' on the topic 'components of food'

**82.** I put one ear on a steel railroad track.

A. I am able to hear the approaching train sooner through the track than through the air.

B. Sound travels faster through steel as compared to air.

C. Sound travels faster through solids as compared to gases.

Of the above three statements, identify which ones are observations and which are inferences.

(1) B is an observation and A and C are inferences.

(2) C is an observation and A and B are inferences.

(3) A and B are observations and C is an inference.

(4) A is an observation and B and C are inferences.

**83.** Describing the relationship between the distance travelled by a ball that is rolled on the inclined plane and the angle of the plane by constructing a graph is an example of

(1) Hypothesizing

(2) Predicting

(3) Interpreting

(4) Communicating

**81.** निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति शिक्षार्थियों को 'ज्ञान की खोज' के लिए सर्वोत्तम अवसर प्रदान करती है ?

(1) विद्यार्थियों को 'टीम शिक्षण' द्वारा 'दैनिक उपयोग की सामग्रियों' के विषय में शिक्षा दी जा रही है

(2) विद्यार्थियों को पहले 'आर्किमिडीज़ के सिद्धान्त' का निदर्शन दिखाया गया है और फिर विस्तृत व्याख्या की गई है

(3) विद्यार्थी दी गई सामग्रियों को स्वयं बनाए, बन्द विद्युत परिपथ में रखकर उन पर 'चालक' और 'अचालक' (विद्युतरोधी) के लेबल लगा रहे हैं

(4) विद्यार्थी 'भोजन के अवयव' विषय पर 'प्रोग्राम इन्स्ट्रक्शन' के सुपरिष्कृत और विस्तृत सत्र में भाग ले रहे हैं

**82.** मैं अपना एक कान स्टील की रेल की पटरी पर रखता हूँ ।

A. मैं आने वाली ट्रेन की ध्वनि वायु की तुलना में रेल की पटरी द्वारा शीघ्र सुन लेता हूँ ।

B. वायु की तुलना में ध्वनि स्टील में अधिक चाल से गमन करती है ।

C. गैसों की तुलना में ध्वनि ठोसों में अधिक चाल से गमन करती है ।

उपर्युक्त तीन कथनों में से यह पहचानिए कि इनमें से कौन-से प्रेक्षण हैं और कौन-से निष्कर्ष हैं ।

(1) B प्रेक्षण है तथा A और C निष्कर्ष हैं ।

(2) C प्रेक्षण है तथा A और B निष्कर्ष हैं ।

(3) A और B प्रेक्षण हैं तथा C निष्कर्ष है ।

(4) A प्रेक्षण है तथा B और C निष्कर्ष हैं ।

**83.** किसी आनत (तिरछे) समतल पर, एक गेंद के द्वारा लुढ़कते हुए तय की गई दूरी और उस आनत (तिरछे) समतल के कोण के बीच के सम्बन्ध को एक ग्राफ़ बनाकर दिखाया गया है । यह निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(1) परिकल्पना करना

(2) अनुमान लगाना

(3) निर्वचन/व्याख्या करना

(4) सम्प्रेषित करना

84. The common characteristic properties of plastics are

(1) durable, good conductor of electricity, non-reactive

(2) good conductor of heat, light in weight, good conductor of electricity

(3) durable, light in weight, non-reactive

(4) durable, good conductor of heat, non-reactive

85. Consider the following statements about biodiversity :

A. It refers to the total number of individuals of a particular species living in an area.

B. It refers to only the flora and fauna of a particular species in a given area.

C. It refers to the various (variety of) species of flora and fauna present in an area.

D. It is an artificially protected area for animals.

The true statement(s) about biodiversity is/are

(1) A, B and C

(2) A, C and D

(3) A and B only

(4) C only

86. Consider the following terms related to cells :

A. Chromosome

B. Gene

C. Nucleolus

D. Ribosome

Out of these, the parts of nucleus of a cell are

(1) C and D only

(2) A, B and C

(3) A and C only

(4) B and C only

84. प्लास्टिक के सामान्य विशिष्ट गुण हैं

(1) टिकाऊ, विद्युत् के सुचालक, अन-अभिक्रियाशील

(2) ऊष्मा के सुचालक, वज़न में हलके, विद्युत् के सुचालक

(3) टिकाऊ, वज़न में हलके, अन-अभिक्रियाशील

(4) टिकाऊ, ऊष्मा के सुचालक, अन-अभिक्रियाशील

85. जैव-विविधता के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. यह किसी क्षेत्र में पाई जाने वाली किसी विशेष स्पीशीज़ के व्यक्तियों की कुल संख्या का उल्लेख करती है ।

B. यह किसी दिए गए क्षेत्र के केवल पादपजात और प्राणिजात की किसी विशेष स्पीशीज़ का उल्लेख करती है ।

C. यह किसी दिए गए क्षेत्र के पादपजात और प्राणिजात की विभिन्न (विविध) स्पीशीज़ का उल्लेख करती है ।

D. यह जानवरों के लिए कृत्रिम रूप से बनाया गया एक सरक्षित क्षेत्र है ।

जैव-विविधता के सन्दर्भ में सही कथन है/हैं

(1) A, B और C

(2) A, C और D

(3) केवल A और B

(4) केवल C

86. कोशिकाओं से सम्बन्धित निम्नलिखित पदों पर विचार कीजिए :

A. क्रोमोसोम (गुणसूत्र)

B. जीन

C. न्यूक्लिओलस (केन्द्रिका)

D. राइबोसोम

इनमें से किसी कोशिका के केन्द्रक के भाग हैं

(1) केवल C और D

(2) A, B और C

(3) केवल A और C

(4) केवल B और C

**87.** In human beings, the correct sequence of the events during reproduction is

(1) zygote, gamete formation, fertilisation, embryo

(2) gamete formation, zygote, fertilisation, embryo

(3) gamete formation, fertilisation, embryo, zygote

(4) gamete formation, fertilisation, zygote, embryo

**88.** Which one of the following elements must be available in sufficient quantity in the water of a pond in at tadpoles are growing ?

(1) Oxygen

(2) Nitrogen

(3) Chlorine

(4) Iodine

**89.** An object of mass 6 kg is sliding on a frictionless horizontal surface with a uniform speed of 3 m/s. The force required to keep the object moving at the same speed along the same straight line is

(1) 27 newtons

(2) 54 newtons

(3) zero newton

(4) 18 newtons

**90.** Tartaric acid is found in

A. Lemons

B. Amla

C. Unripe mangoes

D. Grapes

(1) A and B

(2) C and D

(3) A and C

(4) B and C

**87.** मानवों में जनन की अवधि की घटनाओं का सही क्रम

(1) युग्मनज, युग्मक बनना, निषेचन, भ्रूण

(2) युग्मक बनना, युग्मनज, निषेचन, भ्रूण

(3) युग्मक बनना, निषेचन, भ्रूण, युग्मनज

(4) युग्मक बनना, निषेचन, युग्मनज, भ्रूण

**88.** जिस तालाब के जल में टैडपोल वृद्धि कर रहे हैं उस ज में निम्नलिखित में से किस तत्त्व की पर्याप्त मा उपलब्ध होनी चाहिए ?

(1) ऑक्सीजन

(2) नाइट्रोजन

(3) क्लोरीन

(4) आयोडीन

**89.** कोई 6 kg द्रव्यमान का पिण्ड किसी घर्षणरहित क्षैति पृष्ठ पर 3 m/s की एकसमान चाल से फिसल रहा है इस पिण्ड को इसी चाल से इसी सरल रेखा के अनुदि गति कराने के लिए आवश्यक बल है

(1) 27 न्यूटन

(2) 54 न्यूटन

(3) शून्य न्यूटन

(4) 18 न्यूटन

**90.** टार्टरिक अम्ल पाया जाता है

A. नींबूओं में

B. आँवला में

C. कच्चे आमों में

D. अंगूरों में

(1) A और B

(2) C और D

(3) A और C

(4) B और C

| Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science). | परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं । |
|---|---|

## PART III / भाग III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

*Directions : Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

**31.** Which one of the following is ***not*** a component of maps ?

(1) Size

(2) Symbols

(3) Distance

(4) Direction

**32.** What is the angle of inclination of the Earth's axis with its orbit plane ?

(1) $23\frac{1}{2}^\circ$

(2) 45°

(3) $66\frac{1}{2}^\circ$

(4) 90°

**33.** The 'Janpad Panchayat' has

(1) many Zila Parishads under it.

(2) many Municipal wards under it.

(3) many Gram Sabhas under it.

(4) many Gram Panchayats under it.

**34.** Consider the following two statements, A and B, on 'Social advertisements' and choose the correct answer :

A. Social advertisements are those advertisements that have larger message for the society.

B. Social advertisements are made only by the State.

(1) Both A and B are false

(2) Both A and B are true

(3) A is true and B is false

(4) A is false and B is true

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**31.** निम्नलिखित में से मानचित्रों का कौन-सा एक घटक ***नहीं*** है ?

(1) आकार

(2) प्रतीक

(3) दूरी

(4) दिशा

**32.** अपने कक्षीय समतल पर पृथ्वी के अक्ष का झुकाव (आनति) कोण क्या है ?

(1) $23\frac{1}{2}^\circ$

(2) 45°

(3) $66\frac{1}{2}^\circ$

(4) 90°

**33.** 'जनपद पंचायत' के अन्तर्गत

(1) कई ज़िला परिषद् होते हैं ।

(2) कई नगरपालिका वार्ड होते हैं ।

(3) कई ग्राम सभाएँ होती हैं ।

(4) कई ग्राम पंचायतें होती हैं ।

**34.** 'सामाजिक विज्ञापनों' पर निम्नलिखित दो कथनों, A और B, पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. सामाजिक विज्ञापन वे विज्ञापन हैं जो समाज के लिए विस्तृत स्तर पर संदेश का प्रसारण करते हैं ।

B. सामाजिक विज्ञापन केवल सरकार (राज्य) द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं ।

(1) A और B दोनों ग़लत हैं

(2) A और B दोनों सही हैं

(3) A सही है और B ग़लत है

(4) A ग़लत है और B सही है

**35.** Which one of the following states of India is popular for the 'Kalamkari print'?

(1) Tamil Nadu

(2) Karnataka

(3) Andhra Pradesh

(4) Punjab

**36.** Which one of the following tribal groups is mainly confined to Uttarakhand?

(1) Gonds

(2) Mala Irular

(3) Bhil

(4) Bhotia

**37.** Who among the following rulers were best known for controlling the 'Silk Route' around 2000 years ago?

(1) Kushanas

(2) Pandayas

(3) Cheras

(4) Cholas

**38.** Under 'Subsidiary Alliance', the East India Company forced the Indian rulers of the states to

(1) have their independent armed forces, not get protection by the Company, but still pay towards its maintenance.

(2) not have their independent armed forces, get protection by the Company, without any payment towards its maintenance.

(3) have their independent armed forces, as well as get protection by the Company and pay towards its maintenance.

(4) not have their independent armed forces, but only get protection by the Company and pay towards its maintenance.

**35.** भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 'कलमक छापे' के लिए लोकप्रिय है ?

(1) तमिल नाडु

(2) कर्नाटक

(3) आंध्र प्रदेश

(4) पंजाब

**36.** निम्नलिखित जनजातीय समूहों में से कौन-सा मुख्य उत्तराखड में संकेन्द्रित है ?

(1) गोंड

(2) माला इरूलर

(3) भील

(4) भोटिया

**37.** लगभग 2000 वर्ष पूर्व निम्नलिखित में से कौन-से शासक 'रेशम मार्ग' पर नियंत्रण रखने के लिए सर्वाधिक प्रसि थे ?

(1) कुषाण

(2) पाण्डय

(3) चेर

(4) चोल

**38.** 'सहायक सन्धि' के अन्तर्गत, ईस्ट इण्डिया कम्पनी राज्यों के भारतीय शासकों को बाध्य किया

(1) वे अपनी स्वतंत्र सैनिक शक्ति रखेंगे, कम्प द्वारा सुरक्षा प्रदान नहीं होगी, परन्तु फिर भी इसके रख-रखाव का खर्चा उन्हें वहन करना होगा ।

(2) वे अपनी स्वतंत्र सैनिक शक्ति नहीं रखेंगे, बिन किसी रख-रखाव के खर्चे के वे कम्पनी द्व सुरक्षा प्राप्त करेंगे ।

(3) वे अपनी स्वतंत्र सैनिक शक्ति रखेंगे औ साथ-साथ उन्हें कम्पनी द्वारा सुरक्षा दी जाएगी औ इसके रख-रखाव का खर्चा उन्हें वहन कर होगा ।

(4) उनकी कोई अपनी स्वतंत्र सैनिक शक्ति नहीं हो परन्तु केवल कम्पनी द्वारा सुरक्षा प्राप्त कर सकें और इसके रख-रखाव का खर्चा उन्हें वहन कर होगा ।

39. Which one of the following is ***not*** a fact about Ahom ?
    (1) The Ahom state was divided into clans called Paiks.
    (2) The Ahom society was very sophisticated.
    (3) The state of Ahom was created by suppressing the older political system of the Bhuiyans.
    (4) The Ahom state depended upon forced labour.

40. The term, Hagiography refers to
    (1) writing of a saint's biography
    (2) writing of a saint's autobiography
    (3) writing of a ruler's biography
    (4) writing of a ruler's autobiography

41. Which one of the following is a type of tropical grasslands ?
    (1) Savanna
    (2) Steppe
    (3) Down
    (4) Pampas

42. Consider the following two statements, A and B, about food security and choose the correct answer :
    A. The ultimate aim of agricultural development is to increase food security.
    B. Food security refers to the existence of availability of food to all people in the times of natural calamities, when there occurs a shortage of food.

    (1) Both A and B are true
    (2) Both A and B are false
    (3) A is true and B is false
    (4) A is false and B is true

39. अहोम के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा एक तथ्य *नहीं* है ?
    (1) अहोम राज्य कुलों में विभाजित था, जिन्हें पाइक कहा जाता था ।
    (2) अहोम समाज बहुत ही परिष्कृत था ।
    (3) भुइयाँ लोगों की पुरानी राजनीतिक व्यवस्था का दमन करके अहोम राज्य की स्थापना की गई ।
    (4) अहोम राज्य बेगार पर निर्भर था ।

40. हैगियोग्राफ़ी सम्बन्धित है
    (1) सन्त के जीवनी लेखन से
    (2) सन्त के आत्मकथा लेखन से
    (3) शासक के जीवनी लेखन से
    (4) शासक के आत्मकथा लेखन से

41. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उष्णकटिबंधीय घासस्थल है ?
    (1) सवाना
    (2) स्टेपी
    (3) डाउन
    (4) पम्पास

42. खाद्य सुरक्षा के विषय में निम्नलिखित दो कथनों, A और B, पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :
    A. कृषि के विकास का चरम लक्ष्य खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है ।
    B. खाद्य सुरक्षा से अभिप्राय है प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जब खाद्य सामग्री की कमी होती है तब सभी लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना ।

    (1) A और B दोनों सही हैं
    (2) A और B दोनों गलत हैं
    (3) A सही है और B गलत है
    (4) A गलत है और B सही है

43. Which one of the following is ***not*** considered as a fossil fuel ?

(1) Petroleum

(2) Natural gas

(3) Firewood

(4) Coal

44. Which one of the following may cause tremendous destruction only on the coastal areas ?

(1) Tsunami

(2) Volcano

(3) Tides

(4) Earthquake

45. The innermost layer of the Earth is mainly made up of

(1) Silica and Iron

(2) Nickel and Alumina

(3) Silica and Alumina

(4) Nickel and Iron

46. Which one of the following features is a result of depositional work of a river ?

(1) Meanders

(2) Ox-bow lake

(3) Waterfall

(4) Flood plain

47. During an earthquake at what measurement on the Richter scale do things begin to fall ?

(1) 6·0 or higher

(2) Over 7·0

(3) 2·0

(4) Over 5·0

43. निम्नलिखित में से किस एक को जीवाश्मी ईंधन माना जाता है ?

(1) पेट्रोलियम

(2) प्राकृतिक गैस

(3) जलाऊ लकड़ी

(4) कोयला

44. निम्नलिखित में से कौन-सा एक केवल तटीय क्षेत्रे अत्यधिक विनाश कर सकता है ?

(1) सुनामी

(2) ज्वालामुखी

(3) ज्वार-भाटा

(4) भूकम्प

45. पृथ्वी की सबसे आन्तरिक परत मुख्यत: बनी है

(1) सिलिका एवं लोहे से

(2) निकल एवं ऐलुमिना से

(3) सिलिका एवं ऐलुमिना से

(4) निकल एवं लोहे से

46. निम्नलिखित में से कौन-सी एक आकृति नदी के निक्षेपण कार्य का परिणाम है ?

(1) विसर्प

(2) चाप झील

(3) जलप्रपात

(4) बाढ़कृत मैदान

47. किसी भूकम्प के दौरान रिक्टर स्केल की किस तीव्रता पर वस्तुएँ गिरने लगती हैं ?

(1) 6·0 या उससे अधिक

(2) 7·0 से अधिक

(3) 2·0

(4) 5·0 से अधिक

**48.** Which one of the following was introduced with the coming of British art in India during the colonial period ?

(1) Mural art

(2) Oil painting

(3) Perspective

(4) Miniatures

**49.** Around 2000 years ago, Varanasi was a famous craft centre where Shrenis were

(1) Buddhist monasteries.

(2) associations of craftspersons and merchants.

(3) iron ploughshares used for agricultural production.

(4) coins that have designs punched on to the metal.

**50.** Consider the following two statements, A and B, on manuscripts and inscriptions and choose the correct answer :

A. Manuscripts were usually written on palm leaf or on the specially prepared bark of a tree known as birch.

B. Inscriptions were written on relatively hard surfaces like stone and metal.

(1) Both A and B are true

(2) Both A and B are false

(3) A is true and B is false

(4) A is false and B is true

**51.** Which one of the following was the language of administration under the Delhi Sultans ?

(1) Persian

(2) Hindi

(3) Arabic

(4) Urdu

**48.** औपनिवेशिक काल के दौरान भारत में ब्रिटिश कला के आने के साथ निम्नलिखित में से किस एक का चलन प्रारम्भ हुआ था ?

(1) भित्ति कला

(2) तैल चित्र

(3) परिप्रेक्ष्य विधि

(4) लघुचित्र

**49.** लगभग 2000 वर्ष पहले वाराणसी एक प्रसिद्ध शिल्प केन्द्र था जहाँ श्रेणी थे

(1) बौद्ध मठ ।

(2) शिल्पकारों और व्यापारियों के संघ ।

(3) कृषि उत्पादन के लिए प्रयुक्त लोहे के हलों के फाल ।

(4) धातु के सिक्के जिन पर आकृतियाँ बनाई जाती थीं ।

**50.** पाण्डुलिपियों और अभिलेखों पर निम्नलिखित दो कथनों, A और B, पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. पाण्डुलिपियाँ प्रायः ताड़पत्रों अथवा भूर्ज नामक वृक्ष की छाल से विशेष तरीके से तैयार भोजपत्र पर लिखी जाती थीं ।

B. अभिलेख पत्थर तथा धातु जैसी अपेक्षाकृत कठोर सतहों पर उत्कीर्ण किए जाते थे ।

(1) A और B दोनों सही हैं

(2) A और B दोनों ग़लत हैं

(3) A सही है और B ग़लत है

(4) A ग़लत है और B सही है

**51.** दिल्ली के सुल्तानों के शासन काल में निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रशासनिक भाषा थी ?

(1) फ़ारसी

(2) हिन्दी

(3) अरबी

(4) उर्दू

52. In Buddhism, Bodhisattvas were
(1) Persons who attained enlightenment.
(2) Chinese Buddhist pilgrims.
(3) Buddhist scholars.
(4) Statues of Buddha.

53. Which one of the following was ***not*** the condition to become a member of a *Sabha* in the Chola Empire ?
(1) They should be between 25 and 70 years of age.
(2) They should have their own homes.
(3) They should have knowledge of the Vedas.
(4) They should be owners of land from which land revenue is collected.

54. The Rowlatt Act, 1919 was opposed because
(1) it gave right to separate electorates to Muslims.
(2) it disallowed Indians from possessing arms.
(3) it curbed the Fundamental Rights like Freedom of expression and strengthened police powers.
(4) introduced dyarchy in provinces.

55. Many of Chanakya's ideas were written in a book called the
(1) Atharvaveda
(2) Yajurveda
(3) Dharmashastras
(4) Arthashastra

56. Garbhagriha, the most important part of some of the earliest Hindu temples, was
(1) the place in the temples where people could assemble.
(2) caves elaborately decorated with sculptures and painted walls.
(3) the place where the image of the chief deity was installed.
(4) the place where religious rituals were not performed.

52. बौद्ध धर्म में, बोधिसत्त्व थे
(1) वे लोग जिन्होंने निर्वाण (प्रबोध) प्राप्त किया ।
(2) चीनी बौद्ध तीर्थयात्री ।
(3) बौद्ध विद्वान ।
(4) बुद्ध की प्रतिमाएँ ।

53. चोल साम्राज्य में *सभा* का सदस्य बनने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक शर्त ***नहीं*** थी ?
(1) उनकी उम्र 25 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए ।
(2) उनके पास अपना घर होना चाहिए ।
(3) उन्हें वेदों का ज्ञान होना चाहिए ।
(4) उन्हें भूमि का स्वामी होना चाहिए, जहाँ से भू-राजस्व वसूला जाता है ।

54. रॉलट अधिनियम, 1919 का विरोध किया गया था क्योंकि
(1) इसने मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन क्षेत्रों का अधिकार प्रदान किया था ।
(2) इसने भारतीयों के हथियार रखने पर रोक लगाई थी ।
(3) इसने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों पर अंकुश लगाया तथा पुलिस को और अधिक अधिकार दिए थे ।
(4) प्रान्तों में द्वैध शासन लागू किया था ।

55. चाणक्य के अनेक विचार एक पुस्तक में लिखे गए, जिसे जाना जाता है
(1) अथर्ववेद
(2) यजुर्वेद
(3) धर्मशास्त्र
(4) अर्थशास्त्र

56. गर्भगृह, कुछ प्रारम्भिक हिन्दू मंदिरों का सबसे महत्त्वपूर्ण भाग था
(1) मंदिरों में वह स्थान जहाँ लोग एकत्रित हो सकते थे ।
(2) गुफाएँ जिन्हें मूर्तियों तथा भित्ति चित्रों द्वारा पूरी तरह सजाया जाता था ।
(3) वह स्थान जहाँ मुख्य देवी या देवता की मूर्ति को रखा जाता था ।
(4) वह स्थान जहाँ धार्मिक अनुष्ठान नहीं किए जाते थे ।

**57.** Which one of the following grasslands is the homeland of Native Americans ?

(1) Steppe
(2) Pampas
(3) Velds
(4) Prairies

**58.** Breeding of fish in specially constructed tanks and ponds is known as

(1) Pisciculture
(2) Horticulture
(3) Sericulture
(4) Viticulture

**59.** Bering Strait is a narrow stretch of shallow water that connects

(1) Pacific Ocean and Atlantic Ocean
(2) Arctic Ocean and Pacific Ocean
(3) Indian Ocean and Pacific Ocean
(4) Atlantic Ocean and Indian Ocean

**60.** "On 21st March and 23rd September, the whole Earth experiences equal days and nights." This is because

(1) Direct rays of the Sun fall on the equator and at this position, none of the poles is tilted towards the Sun.
(2) Direct rays of the Sun fall on the Tropic of Cancer and at this position, one of the poles is tilted towards the Sun.
(3) Direct rays of the Sun fall on the equator and at this position, one of the poles is tilted towards the Sun.
(4) Direct rays of the Sun fall on the Tropic of Capricorn and at this position, none of the poles is tilted towards the Sun.

**57.** निम्नलिखित घासभूमियों में से कौन-सी अमेरिकी मूल निवासियों का निवास स्थल है ?

(1) स्टेपी
(2) पम्पास
(3) वेल्ड्स
(4) प्रेअरीज़

**58.** विशेष रूप से निर्मित तालाबों और पोखरों में मत्स्य पालन को जाना जाता है

(1) पिसीकल्चर
(2) हॉर्टीकल्चर
(3) सेरीकल्चर
(4) विटिकल्चर

**59.** बेरिंग जलडमरूमध्य पानी का संकरा भाग है जो जोड़ता है

(1) प्रशान्त महासागर और अटलांटिक महासागर
(2) आर्कटिक महासागर और प्रशान्त महासागर
(3) हिन्द महासागर और प्रशान्त महासागर
(4) अटलांटिक महासागर और हिन्द महासागर

**60.** "21 मार्च और 23 सितम्बर को पूरी पृथ्वी पर दिन और रात बराबर होते हैं।" इसका कारण है

(1) सूर्य की किरणें विषुवत्-वृत्त पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका नहीं होता है ।
(2) सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में एक ध्रुव का झुकाव सूर्य की ओर होता है ।
(3) सूर्य की किरणें विषुवत्-वृत्त पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में एक ध्रुव का झुकाव सूर्य की ओर होता है ।
(4) सूर्य की किरणें मकर रेखा पर सीधी पड़ती हैं और इस स्थिति में कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका नहीं होता है ।

61. What kind of language needs to be used in Social Science teaching ?

(1) Representative of dominant groups

(2) Discriminatory

(3) Neutral and sensitive

(4) Difficult

62. Projects on democratic institutions could be done to show that

(1) they can be analysed to identify features and challenges.

(2) they are, as described in the textbooks.

(3) they are ineffective.

(4) students must accept these institutions as they are.

63. Summative assessment is inappropriate for the following :

(1) Deciding upon the grade

(2) End of the term assessment

(3) Monitoring the progress of teaching-learning process

(4) Summarising student learning

64. What are pie diagrams useful for ?

(1) Showing features of a historical period

(2) Comparing different amounts

(3) Showing a particular amount in relation to the whole

(4) Showing a pattern

61. सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में प्रयोग की जाने वाली भाषा कैसी होनी चाहिए ?

(1) प्रमुख समूहों का प्रतिनिधित्व करती हुई

(2) पक्षपातपूर्ण

(3) तटस्थ और संवेदनशील

(4) मुश्किल

62. लोकतांत्रिक संस्थानों पर प्रोजेक्ट करके दिखाया जा सकता है कि

(1) इनका विश्लेषण करके इनकी विशेषताओं और चुनौतियों को पहचाना जा सकता है ।

(2) वे जैसे पाठ्य-पुस्तकों में वर्णित हैं उसी प्रकार के हैं ।

(3) यह संस्थान प्रभावशाली नहीं हैं ।

(4) विद्यार्थियों को इन संस्थानों को जैसे हैं वैसे स्वीकार करना चाहिए ।

63. संक्रियात्मक मूल्यांकन निम्नलिखित के लिए अनुपयुक्त है :

(1) ग्रेड का निर्धारण करना

(2) प्रस्तावित सत्र के अन्त में मूल्यांकन करना

(3) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान प्रगति का आकलन

(4) विद्यार्थी के सीखने का सारांशीकरण करना

64. वृत्त आरेख किसके लिए उपयोगी हैं ?

(1) ऐतिहासिक अवधि की विशेषताओं को दर्शाना

(2) विभिन्न मात्राओं की तुलना करना

(3) समग्र के सम्बन्ध में किसी एक मूल्य को प्रदर्शित करना

(4) एक प्रतिरूप को प्रदर्शित करना

65. Each chapter of the History textbook for class VI is introduced by a young girl or a boy. Why do you think this strategy has been adopted by the textbook makers ?

(1) To show boys and girls can study history

(2) To evaluate the content of the chapter

(3) To inculcate a spirit of enquiry and discovery in students

(4) To show how introduction can be done

66. "You are a peasant in Alauddin Khalji's or Muhammad bin Tughlaq's reign and you cannot pay the taxes demanded by the Sultan. What will you do ?"
In the above question what is being encouraged ?

(1) Historical imagination

(2) Importance of sources

(3) Respect for culture

(4) Importance of literature

67. At the upper primary stage, Geography and Economics together can help in the following :

(1) Developing a perspective on issues of environment, resources and development

(2) Understanding plurality

(3) Developing knowledge of places and environment

(4) Understanding optimal allocation of resources

68. When is formative evaluation conducted ?

(1) At the end of the session

(2) Before teaching a new unit

(3) During teaching-learning process

(4) At the end of a unit

65. कक्षा VI की इतिहास की पाठ्य-पुस्तक के प्रत्येक पाठ की शुरूआत एक युवा लड़की या लड़के के द्वारा की गई है । आपके विचार में पाठ्य-पुस्तक निर्माता द्वारा यह रणनीति क्यों अपनाई गई है ?

(1) दिखाना कि लड़के एवं लड़कियाँ इतिहास का अध्ययन कर सकते हैं

(2) पाठ की विषय-वस्तु का मूल्यांकन करना

(3) विद्यार्थियों में पूछताछ तथा खोज की भावना को विकसित करना

(4) यह बताना कि प्रस्तावना कैसे दी जा सकती है

66. "आप अलाउद्दीन खिलजी या मोहम्मद बिन तुगलक के शासन काल में एक किसान हैं और आप सुल्तान द्वारा लगाया गया कर नहीं चुका सकते । आप क्या करेंगे ?"
उपर्युक्त प्रश्न में किस को बढ़ावा दिया जा रहा है ?

(1) इतिहास के संदर्भ में कल्पना

(2) स्रोतों का महत्त्व

(3) संस्कृति का सम्मान

(4) साहित्य का महत्त्व

67. उच्च प्राथमिक स्तर पर भूगोल और अर्थशास्त्र एक साथ निम्नलिखित में सहायक हो सकते हैं :

(1) पर्यावरण, संसाधन एवं विकास के मुद्दों के प्रति दृष्टिकोण विकसित करना

(2) बहुलवाद को समझना

(3) पर्यावरण एवं स्थानों के बारे में ज्ञान को विकसित करना

(4) संसाधनों के इष्टतम नियतन को समझना

68. रचनात्मक मूल्यांकन को कब किया जाता है ?

(1) सत्र के अन्त में

(2) नई इकाई को पढ़ाने के पूर्व

(3) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान

(4) इकाई के अन्त में

69. Biases, discrimination and prejudices in the classroom could be avoided by

(1) organising a lecture on humanity.

(2) ignoring them, as children will grow out of them one day.

(3) discussing different dimensions of social realities.

(4) handing out the Preamble of the Constitution.

70. Teacher 'B' is currently teaching a lesson on history of a region. What do you think 'B' should do ?

(1) Highlight the similarities and changes in different time periods.

(2) Highlight identities of different rulers.

(3) Encourage the students to remember the main features of the period.

(4) Highlight the similarities of the present with the past.

71. What is the purpose of evaluation ?

(1) To identify problem students

(2) To rank children

(3) To encourage competition

(4) To improve teaching-learning processes

72. Historical films are useful in Social Science teaching as they

(1) concentrate on an individual's problem.

(2) portray history as fiction.

(3) bring alive various dimensions of a specific social setting.

(4) have good entertainment value.

73. What kind of outlook should be there towards Social Science textbooks ?

(1) As a document to be memorized

(2) As an avenue for further enquiry

(3) As a repository of knowledge

(4) As a final statement

69. कक्षा-कक्ष में पक्षपात, भेदभाव और पूर्वाग्रहों को किसके द्वारा दूर किया जा सकता है ?

(1) मानवता पर एक व्याख्यान का आयोजन करके

(2) उनकी बातों पर ध्यान न देकर, क्योंकि बच्चे एक-न-एक दिन अपने-आप इन्हें छोड़ देंगे

(3) सामाजिक वास्तविकताओं के विभिन्न आयामों के बारे में परिचर्चा करके

(4) संविधान के आमुख को प्रदान करके

70. एक क्षेत्र के इतिहास के पाठ को शिक्षक 'ब' अभी पढ़ा रही हैं । आपके विचार में 'ब' को क्या करना चाहिए ?

(1) विभिन्न कालावधियों में समानताओं तथा परिवर्तनों पर प्रकाश डालना

(2) विभिन्न शासकों के व्यक्तित्वों पर प्रकाश डालना

(3) अवधि के मुख्य लक्षणों को विद्यार्थियों को याद करने के लिए प्रोत्साहित करना

(4) वर्तमान की भूतकाल से समानताओं पर प्रकाश डालना

71. मूल्यांकन का उद्देश्य क्या है ?

(1) समस्यात्मक विद्यार्थियों की पहचान करना

(2) बच्चों को श्रेणियों में बाँटना

(3) प्रतियोगिता को प्रोत्साहित करना

(4) शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में सुधार लाना

72. सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में ऐतिहासिक फिल्में उपयोगी हैं

(1) व्यक्तिगत समस्या पर ध्यान केन्द्रित करने में ।

(2) इतिहास को कल्पित कथा के रूप में चित्रित करने में ।

(3) एक विशेष सामाजिक संरचना के विभिन्न आयामों का सजीव चित्रण करने में ।

(4) एक अच्छा मनोरंजन प्रस्तुत करने में ।

73. सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों के प्रति क्या दृष्टिकोण होना चाहिए ?

(1) याद करने योग्य एक अभिलेख के रूप में

(2) आगामी पूछताछ के अवसर के रूप में

(3) ज्ञान के भंडार के रूप में

(4) अन्तिम वक्तव्य के रूप में

**74.** Tawa Matsya Sangh, a federation of fisherworker's cooperatives is an organization fighting for the rights of displaced forest dwellers in the State of

(1) Uttarakhand
(2) Chhattisgarh
(3) Jharkhand
(4) Madhya Pradesh

**75.** Which one of the following Fundamental Rights is ***not*** guaranteed to every arrested person under the criminal law as stated in Article 22 of the Constitution ?

(1) Confessions made in police custody can be used as evidence against the accused.
(2) The Right not to be ill-treated or tortured during arrest or in custody.
(3) The Right to be informed at the time of arrest of the offence for which the person is arrested.
(4) The Right to be presented before a Magistrate within 24 hours of arrest.

**76.** The Members of Legislative Assembly are

(1) elected by the people.
(2) appointed by the Governor.
(3) appointed by the Prime Minister.
(4) appointed by the Chief Minister.

**77.** A coalition government implies

(1) Power sharing between two or more political parties after elections when no party has been able to get a clear majority.
(2) Power sharing between State Government and Panchayati Raj Institutions.
(3) Power sharing between government at the Centre and State.
(4) Power sharing between executive and judiciary.

**74.** तवा मत्स्य संघ, मछुआरों की सहकारी समितियों का एक संघ, जो जंगलों से विस्थापित निवासियों के अधिकारों के लिए लड़ रहा है, किस राज्य में है ?

(1) उत्तराखंड में
(2) छत्तीसगढ़ में
(3) झारखंड में
(4) मध्य प्रदेश में

**75.** संविधान के अनुच्छेद 22 में उल्लिखित फ़ौजदारी (दंड) कानून के अन्तर्गत प्रत्येक गिरफ़्तार व्यक्ति को निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार ***नहीं*** दिया गया है ?

(1) पुलिस हिरासत में दिए गए इकबालिया बयान को आरोपी के खिलाफ़ सबूत के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है ।
(2) गिरफ़्तारी के दौरान या हिरासत में किसी भी तरह के दुर्व्यवहार या यातना से बचने का अधिकार ।
(3) गिरफ़्तारी के समय उसे यह जानने का अधिकार है कि गिरफ़्तारी किस कारण से की जा रही है ।
(4) गिरफ़्तारी के 24 घण्टों के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होने का अधिकार ।

**76.** विधान सभा के सदस्य

(1) लोगों (जनता) द्वारा चुने जाते हैं ।
(2) राज्यपाल द्वारा नियुक्त किए जाते हैं ।
(3) प्रधान मंत्री द्वारा नियुक्त किए जाते हैं ।
(4) मुख्य मंत्री द्वारा नियुक्त किए जाते हैं ।

**77.** गठबंधन सरकार से अभिप्राय है

(1) चुनावों के बाद किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत न मिलने की स्थिति में दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के बीच सत्ता की साझेदारी ।
(2) राज्य सरकार तथा पंचायती राज संस्थानों के बीच सत्ता की साझेदारी ।
(3) केन्द्र और राज्य सरकार के बीच सत्ता की साझेदारी ।
(4) कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता की साझेदारी ।

78. At the upper primary stage, Social Science comprises

(1) Geography, History, Political Science and Economics
(2) Political Science, Geography, History and Sociology
(3) History, Geography, Political Science and Environmental Science
(4) History, Geography, Economics and Environmental Science

79. The position paper on Teaching of Social Science emphasises

(1) respecting different opinions and examining ideas and practices.
(2) accept social hierarchies.
(3) increasing the use of textbooks.
(4) encouraging memorization.

80. Maps and diagrams in a Social Science textbook are relevant as they

(1) add a new dimension to a concept.
(2) are made by experts.
(3) make a textbook attractive.
(4) clarify a concept.

81. A case study of a social movement given to a class for discussion need ***not*** incorporate the following :

(1) Solutions to the movement
(2) Background of the movement
(3) Objectives of the movement
(4) Problem areas of the movement

82. While teaching Human Resources to class VIII students, what core message would you like to promote ?

(1) Importance of people as a resource
(2) Utilization of resources by human beings
(3) Distribution of population
(4) Importance of physical resources

78. उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में शामिल हैं

(1) भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान तथा अर्थशास्त्र
(2) राजनीति विज्ञान, भूगोल, इतिहास तथा समाजशास्त्र
(3) इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान
(4) इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और पर्यावरण विज्ञान

79. सामाजिक विज्ञान शिक्षण का आधार पत्र किस पर बल देता है ?

(1) विभिन्न मतों का सम्मान करना तथा विचारों व अभ्यासों का परीक्षण करना
(2) सामाजिक पदानुक्रमों को स्वीकार करना
(3) पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग अधिक करना
(4) याद करने को प्रोत्साहित करना

80. सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में मानचित्रों और आरेखों का प्रयोग प्रासंगिक है क्योंकि वे

(1) अवधारणा में नए आयाम को जोड़ते हैं ।
(2) विशेषज्ञों द्वारा बनाए जाते हैं ।
(3) पाठ्य-पुस्तक को आकर्षक बनाते हैं ।
(4) अवधारणा को स्पष्ट करते हैं ।

81. कक्षा में परिचर्चा के लिए दिए जाने वाले सामाजिक आन्दोलन के प्रतीक अध्ययन (केस स्टडी) में निम्नलिखित का होना आवश्यक ***नहीं*** है :

(1) आन्दोलन के समाधान
(2) आन्दोलन की पृष्ठभूमि
(3) आन्दोलन के उद्देश्य
(4) आन्दोलन से सम्बन्धित समस्याओं के क्षेत्र

82. कक्षा VIII के विद्यार्थियों को मानव संसाधन के अध्यापन के समय आप विद्यार्थियों में किस मुख्य संदेश को विकसित करना चाहेंगे ?

(1) संसाधन के रूप में लोगों का महत्त्व
(2) मानवों द्वारा संसाधनों का उपयोग
(3) जनसंख्या का वितरण
(4) भौतिक संसाधनों का महत्त्व

**83.** Which one of the following is ***not*** a function of the Gram Panchayat ?

(1) Executing Government schemes related to generation of employment in the villages

(2) The construction and maintenance of the infrastructure of the villages

(3) Levying and collecting local taxes

(4) Gram Panchayat elects its Panchayat Secretary

**84.** Which one of the following does ***not*** fall within the purview of Civil Law ?

(1) Disputes related to sale of land

(2) Harassing a woman for dowry

(3) Filing a divorce case

(4) Claiming custody of children

**85.** Which one of the following statements is ***incorrect*** about the judiciary ?

(1) Judiciary has the power to strike down laws passed by the Parliament.

(2) The judicial system provides a mechanism for resolving disputes between citizens, between citizens and the government, but not between two State governments.

(3) The legislature and the executive cannot interfere in the work of judiciary.

(4) It plays a crucial role in protecting the Fundamental Rights of citizens.

**86.** The Right to Constitutional Remedies

(1) allows only the linguistic minorities to approach the court if they believe that their cultural and educational rights provided in the Constitution have been violated by the State.

(2) allows all citizens to approach the court if they believe that any of the Directive Principles of State Policy have not been fulfilled by the State.

(3) allows citizens to approach the court if they believe that any of their Fundamental Rights have been violated by the State.

(4) allows only the religious minorities to approach the court if they believe that their cultural and educational rights provided in the Constitution have been violated by the State.

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक ग्राम पंचायत का कार्य ***नहीं*** है ?

(1) गाँवों के लोगों को रोज़गार देने सम्बन्धी सरकारी योजनाएँ लागू करना

(2) गाँवों की बुनियादी सुविधाओं का निर्माण और रख-रखाव

(3) स्थानीय कर लगाना और इकट्ठा करना

(4) ग्राम पंचायत अपने पंचायत सचिव को चुनती है ।

**84.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक दीवानी (सिविल) कानून के दायरे में ***नहीं*** आता है ?

(1) ज़मीन को बेचने से सम्बन्धित विवाद

(2) दहेज के लिए महिला को परेशान करना

(3) तलाक का केस फाइल करना

(4) बच्चों को रखने का दावा करना

**85.** न्यायपालिका के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

(1) न्यायपालिका को संसद द्वारा पारित किए गए कानूनों को रद्द करने का अधिकार है ।

(2) न्यायिक व्यवस्था नागरिकों तथा नागरिकों व सरकार के बीच पैदा होने वाले विवादों को हल करने की क्रियाविधि उपलब्ध कराती है, परन्तु दो राज्य सरकारों के बीच नहीं ।

(3) न्यायपालिका के कार्यक्षेत्र में विधायिका और कार्यपालिका हस्तक्षेप नहीं कर सकती ।

(4) यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

**86.** संवैधानिक उपचार का अधिकार के अन्तर्गत

(1) केवल भाषाई अल्पसंख्यक समुदायों को यह अधिकार दिया गया है कि यदि वे समझते हैं कि संविधान में दिए गए उनके सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों का राज्य द्वारा उल्लंघन किया गया है तो वे अदालत जा सकते हैं ।

(2) सभी नागरिकों को अदालत में जाने का अधिकार है यदि वे समझते हैं कि राज्य द्वारा किसी एक राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्त का पालन नहीं हुआ है ।

(3) यदि किसी नागरिक को लगता है कि राज्य द्वारा उसके किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है तो वह अदालत में जा सकता है ।

(4) केवल धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों को यह अधिकार दिया गया है कि यदि वे समझते हैं कि संविधान में दिए गए उनके सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों का राज्य द्वारा उल्लंघन किया गया है तो वे अदालत जा सकते हैं ।

87. The 'Civil Rights Movement' was started in the USA

(1) to demand equal rights and address racial discrimination for all the African-American citizens.

(2) to demand voting rights of the African-American men.

(3) to demand social security of the African-American senior citizens.

